प्रदेश में तीन लाख करोड़ से सड़कों का निर्माण: गडकरी

अमेठी | संवाददाता

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा दिए गए राष्ट्रवाद, अन्त्योदय व सुशासन के मूलमंत्र के साथ भाजपा सरकार लगातार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में तीन साल में ही तीन लाख करोड़ की लागत से नए एक्सप्रेस वे तथा सड़कों का निर्माण कराया गया है।

यह बातें केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अमेठी के जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 737 करोड़ लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद लोगों को सम्बोधित करते हुए कही।

अमेठी में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी। साथ में केन्द्रीय मंत्री स्मृति और और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

स्मृति ईरानी ने राहुल और प्रियंका के साथ सपा पर किए हमले: स्मृति ईरानी ने अमेठी के विकास के बहाने जहां राहुल गांधी व प्रियंका गांधी पर व्यंग बाण छोड़े, वहीं सपा कार्यकर्ताओं पर गुण्डागर्दी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भाई बहन की जोड़ी आई थी, लेकिन अमेठी के लोगों को सड़क से जोड़ने का काम भाजपा ने किया।

भाजपा को मिलेंगी सवा तीन सौ सीटें: केशव

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को 325 से अधिक सीटें मिलेंगी।